न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, तारानगर (चूरू)

पीठासीन अधिकारी श्री सूर्यकान्त शर्मा (आर.ए.एस.)

मु.न.–.....93....../2024

निराण सिंह पुत्र राधू सिंह जाति दरोगा निवासी भाड़ग तहसील तारानगर जिला चूरू।

– प्रार्थी –

वनाम

राजस्थान सरकार जरिए तहसीलदार (राजस्व) तारानगर/नायब तहसीलदार साहवा।

– अप्रार्थी –

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 लैण्ड रेवन्यू एक्ट व धारा 88 आर.टी.एक्ट.

निर्णय

दिनांक 21.06.2024

प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना मय शपथ पत्र में संक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है कि प्रार्थी के नाम कृषि भूमि रोही मौजा भाड़ंग के खसरा सं. 1256/958 तादादी 1.2645 हेक्ट., खसरा नं. 1257/958 तादादी 1.9094 हैक्ट कुल तादादी 3.1739 हैक्ट. हैं। जिसमें प्रार्थी का नाम नारायणसिंह पुत्र राधूसिंह अंकित है जो गलत है, जबकि प्रार्थी का निराण सिंह पुत्र राधू सिंह सही हैं। प्रार्थी के आधार कार्ड, राशन कार्ड, जन आधारकार्ड तथा अन्य दस्तावेजों में प्रार्थी का नाम निराण सिंह पुत्र राधू सिंह है। नाम में भिन्नता होने के कारण प्रार्थी को कृषि ऋण, फसल बेचान आदि में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अब प्रार्थी जमाबन्दी में अपना नाम दुरूस्त करवाना चाहता है। जमाबन्दी में अपना नाम दुरूस्त करवाने के लिए प्रार्थी ने तहसीलदार के समक्ष प्रार्थना पत्र पेश किया था। परन्तु तहसीलदार ने विना किसी न्यायालय के आदेश के नाम दुरूस्त करने से इंकार कर दिया। इसलिए श्रीमानजी के समक्ष प्रार्थना प्रत्र पेश कर रहा है। अतः प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन है कृषि भूमि रोही मौजा भाड़ंग के खसरा सं. 1256/958 तादादी 1.2645 हेक्ट., खसरा नं. 1257/958 तादादी 1.9094 हैक्ट कुल तादादी 3.1739 हैक्ट. में प्रार्थी का नाम निराण सिंह पुत्र राधू सिंह किये जाने का आदेश प्रदान करें।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रार्थी द्वारा तहसीलदार तारानगर के समक्ष दिये प्रार्थना पत्र में आई प्राप्त रिपोर्ट नायब तहसीलदार साहवा के अनुसार प्रार्थी राजस्व रिकार्ड में अपना नाम दुरूस्त करवाना चाहता है। अब प्रार्थी अपने आधार कार्ड, राशन कार्ड, जन आधारकार्ड, शपथ पत्र व अन्य दस्तावेजों के आधार पर प्रार्थी अपना नाम नारायणसिंह पुत्र राधूसिंह की जगह निराण सिंह पुत्र राधू सिंह सुरजन सिंह करवाना चाहता है। आज दिनांक तक राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी का नाम नारायणसिंह पुत्र राधूसिंह ही दर्ज है। अतः प्रार्थी नारायणसिंह पुत्र राधूसिंह की जगह निराण सिंह पुत्र राधू सिंह दुरूस्त किया जाकर राजस्व रिकार्ड में अंकन किया जाना उचित होगा।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। नायब तहसीलदार साहवा की रिपोर्ट व संलग्न दस्तावेज आधार कार्ड, राशन कार्ड, जन आधारकार्ड, पहचान पत्र से वादी का दस्तावेजीय नाम निराण सिंह पुत्र राधू सिंह पाया जाता है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है तथा कृषि भूमि रोही मौजा भाड़ंग के खसरा सं. 1256/958 तादादी 1.2645 हेक्ट., खसरा नं. 1257/958 तादादी 1.9094 हैक्ट कुल तादादी 3.1739 हैक्ट. के राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज प्रविष्टि **नारायणसिंह पुत्र राधूसिंह Delete** कर इसके स्थान पर **निराण सिंह पुत्र राधू सिंह** अंकित कर राजस्व रिकॉर्ड में दुरूस्त किया जाने का आदेश दिया जाता है। निर्णय की प्रति तहसीलदार तारानगर/नायब तहसीलदार साहवा को राजस्व रिकार्ड में अमलदरामद हेतु भिजवाई जावे। इस विचार न्यायालय का यह निर्णय अपीलीय निर्णय है। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 21.06.2024 को खुले न्यायालय में लिखाया जाकर सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी तारानगर (चूरू)

(सूर्यकान्त शर्मा आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी
तारानगर (चूरू)

उपखण्ड अधिकारी
तारानगर(चूरू)